000167797

**202538**

हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष - 2025

**Higher Secondary Examination (Main) - 2025**

# हिन्दी

# HINDI

| | |
|---|---|
| Total Printed Pages : | 8 |
| Total Questions : | 23 |
| Time : | 3 Hours |
| Maximum Marks : | 80 |

निर्देश :

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उपप्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2-2 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए।

(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3-3 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखिए।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4-4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए।

(vi) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

1 निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प का चयन कर लिखिए : 1×6=6

(i) 'दिन जल्दी–जल्दी ढलता है' गीत हरिवंशराय बच्चन के काव्य–संग्रह से लिया गया है –

(अ) निशा निमंत्रण (ब) एकांत संगीत

(स) सतरंगिणी (द) मधुशाला

(ii) करुणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता है –

(अ) कविता के बहाने (ब) कैमरे में बंद अपाहिज

(स) बात सीधी थी पर (द) एक गीत

(iii) अर्थ के आधार पर वाक्य के प्रकार होते हैं –

(अ) आठ (ब) तीन

(स) सात (द) नौ

(iv) 'कल मैं भी आपके साथ चलूंगा।' वाक्य में निपात शब्द है –

(अ) कल (ब) आपके

(स) भी (द) मैं

(v) 'उषा' कविता के अनुसार प्रातःकालीन आकाश लग रहा है –

(अ) काले बादलों जैसा (ब) घोड़े जैसा

(स) पतंग जैसा (द) नीले शंख जैसा

(vi) 'काले मेघा पानी दे' पाठ की विधा है –

(अ) संस्मरण (ब) रेखाचित्र

(स) रिपोर्ताज (द) निबंध

2 रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए : 1×6=6

(i) 'रामचरित मानस' महाकाव्य की भाषा ________ है।
(ब्रज / अवधि)

(ii) सम्पादकीय को ________ आवाज माना जाता है।
(अखबार की / आम जनता की)

(iii) दुनिया की सबसे हल्की और रंगीन चीज ________ है।
(पतंग / स्वप्न)

(iv) 'भक्तिन' पाठ महादेवी वर्मा की ________ में संकलित है।
(अतीत के चलचित्र / स्मृति की रेखाएँ)

(v) स्थायी भाव को जाग्रत करने वाले कारण को ________ कहते हैं।
(आलम्बन / उद्दीपन)

(vi) लेखक आनंद यादव का पूरा नाम ________ है।
(आनन्द दा / आनन्द रतन यादव)

3 निम्नलिखित कथनों में से सत्य/असत्य का चयन कर लिखिए: 1×6=6

(i) प्रसाद गुण सभी रसों में पाया जाता है।

(ii) क्षेत्र विशेष में बोले जाने वाले शब्द क्षेत्रीय शब्द कहलाते हैं।

(iii) 'शेर के बच्चे' का असल नाम लुट्टनसिंह पहलवान था।

(iv) 'एक घूँट' एकांकी के रचनाकार जयशंकर प्रसाद हैं।

(v) बाजार का जादू आँख की राह पर काम नहीं करता है।

(vi) रेडियो मूलतः एक रेखीय माध्यम है।

4 सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए – 1×7=7

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| (i) जिठौत | (क) शब्द चित्र |
| (ii) बिम्ब | (ख) अलग–अलग अखबारों में लेखन |
| (iii) जूझ | (ग) जेठ का पुत्र |
| (iv) अतीत में दबे पाँव | (घ) केशव प्रथम वीर |
| (v) फ्रीलांसर पत्रकार | (च) उल्टा पिरामिड |
| (vi) समाचार लेखन की शैली | (झ) धार्मिक अनुष्ठान का स्थान |
| (vii) कॉलेज ऑफ प्रीस्ट्स | (ज) यात्रा वृत्तांत |

5 एक वाक्य में उत्तर लिखिए : 1×7=7

(i) समाचार लेखन के छह ककार कौन-कौन से हैं?

(ii) गद्य की कोई चार प्रमुख विधाओं के नाम लिखिए।

(iii) रघुवीर सहाय कौन-से तार सप्तक के कवि हैं?

(iv) सिंधु सभ्यता की ईंटों की बनावट का अनुपात क्या था?

(v) शब्द-शक्ति की परिभाषा लिखिए।

(vi) 'आम के आम गुठलियों के दाम' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(vii) दुर्मिल सवैया छंद का दूसरा नाम क्या है?

6 'छोटा मेरा खेत' कविता के सन्दर्भ में 'अंधड़' और 'बीज' क्या हैं? 2

अथवा

'उषा' कविता में गाँव की शोभा कैसी बताई गई है?

7 रीतिकालीन कविता की दो विशेषताएँ बताते हुए दो रचनाकारों के नाम लिखिए। 2

अथवा

छायावाद के प्रमुख आधार स्तम्भ कवियों के नाम एवं उनकी एक-एक रचना का नाम लिखिए।

8 सेवक धर्म में भक्तिन की तुलना हनुमानजी से क्यों की गई है? 2

अथवा

जैनेन्द्र कुमार के अनुसार बाजार का जादू क्या है?

9 नाटक और एकांकी में कोई दो अंतर लिखिए। 2

अथवा

संस्मरण और रेखाचित्र में कोई दो अंतर लिखिए।



00016797

10 'सिल्वर वैडिंग' के आधार पर यशोधर बाबू के व्यक्तित्व की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 2

अथवा

मुअनजो-दड़ो को देखते-देखते लेखक को किसकी याद आ गई?

11 कवित्त छंद की परिभाषा एवं कोई एक उदाहरण लिखिए। 2

अथवा

विरोधाभास अलंकार की परिभाषा एवं कोई एक उदाहरण लिखिए।

12 स्थायी भाव एवं संचारी भाव में कोई दो अंतर लिखिए। 2

अथवा

रुबाइयाँ छंद की परिभाषा लिखकर एक उदाहरण लिखिए।

13 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए – 2

(i) महादेवी वर्मा विद्वान महिला थी।

(ii) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं।

अथवा

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए –

(i) वह भोजन करके विद्यालय जाता है। (संयुक्त वाक्य)

(ii) गणित का प्रश्नपत्र कठिन है। (बिना अर्थ बदले नकारात्मक वाक्य)

14 फ्लैश या ब्रेकिंग न्यूज से क्या आशय है? लिखिए। 2

अथवा

इण्टरनेट पत्रकारिता क्या है?

15 राष्ट्रभाषा एवं राजभाषा में कोई दो अंतर लिखिए। 2

अथवा

शब्द-गुण की परिभाषा लिखिए तथा इसके प्रकारों के नाम लिखिए।

16 कुँवर नारायण अथवा सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' का काव्यगत परिचय निम्न विंदुओं के आधार पर लिखिए – 3

(i) दो रचनाएँ

(ii) भावपक्ष – कलापक्ष

(iii) साहित्य में स्थान

17 जैनेन्द्र कुमार अथवा धर्मवीर भारती का साहित्यिक परिचय निम्न विंदुओं के आधार पर लिखिए : 3

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा–शैली

(iii) साहित्य में स्थान

18 भाव विस्तार कीजिए : 3

'बैर क्रोध का अचार या मुरब्बा है।'

**अथवा**

पिताजी एवं पुत्र के मध्य वार्षिक परीक्षा की तैयारी विषय पर संवाद लिखिए।

19 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+1+1=3

विश्व का वर्तमान उन्नत रूप मानव–श्रम की ही कहानी कह रहा है। गगनचुम्बी अट्टालिकाएँ, लम्बी–चौड़ी सड़कें, बड़े–बड़े विशाल नगर, आकाश में उड़ते वायुयान तथा मानव जीवन को सुखी और समृद्ध बनाने में योगदान करने वाले ज्ञान–विज्ञान के अनंत रूप से सभी मनुष्य के श्रम का जयघोष करते हैं। स्पष्ट है कि मनुष्य और उसका शरीर विधाता की अनुपम रचना है जो निश्चय ही महान उद्देश्यों की सम्पूर्ति के लिए दिया गया है। इस दुर्लभ तन को यदि हम आलस्य, प्रमाद अथवा घटिया कामों में गँवा देते हैं तो विधाता के प्रति अन्याय करते हैं।

प्रश्न :

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) विधाता की अनुपम रचना किसे कहा गया है?

(iii) किस बात को विधाता के प्रति अन्याय कहा गया है?

**अथवा**

निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

जब जग मुझे तोड़ने आता,
मैं हँस-हँस रो देता।
जब तुम मुझ पर हाथ उठाती,
मैं सुधि-बुधि खो देता।
हृदय तुम्हारा-सा ही मेरा इसको यों न मरोड़ो,
देखो मालिन मुझे न तोड़ो।

**प्रश्न :**

(i) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) पुष्प मालिन से क्या कहना चाहता है?

(iii) मालिन पुष्प को तोड़ती है, तब पुष्प क्या करता है?

20 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ-प्रसंग एवं विशेष सहित भावार्थ लिखिए - **1+1+1+1=4**

धूत कहौ, अवधूत कहौ, रजपूत कहौ, जोलहा कहौ कोऊ।
काहू की बेटीसो बेटा न ब्याहब, काहूकी जाति बिगार न सोऊ॥
तुलसी सरनाम गुलामु है राम को, जाको रूचै सो कहै कछु ओऊ।
माँगि कै खैबो, मसीत को सोइबो, लैबोंको एकु न दैबको दोऊ॥

**अथवा**

आँगन में लिए, चाँद के टुकड़े को खड़ी
हाथों पे झुलाती है उसे गोद-भरी
रह-रह के हवा में जो लोका देती है
गूँज उठती है खिलखिलाते बच्चे की हँसी

21 निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या संदर्भ-प्रसंग एवं विशेष सहित लिखिए - **1+1+1+1=4**

रात्रि की विभीषिका को सिर्फ पहलवान की ढोलक ही ललकारकर चुनौती देती रहती थी। पहलवान संध्या से सुबह तक, चाहे जिस ख़याल से ढोलक बजाता हो, किन्तु गाँव के अर्द्धमृत, औषधि-उपचार-पथ्य-विहीन प्राणियों में वह संजीवनी शक्ति ही भरती थी। बूढ़े-बच्चे-जवानों की शक्तिहीन आँखों के आगे दंगल का दृश्य नाचने लगता था। स्पंदन-शक्ति-शून्य स्नायुओं में भी बिजली दौड़ जाती थी।

**अथवा**

शिरीष के फूलों की कोमलता देखकर परवर्ती कवियों ने समझा कि उसका सब–कुछ कोमल है। यह भूल है। इसके फल इतने मजबूत होते हैं कि नए फूलों के निकल आने पर भी स्थान नहीं छोड़ते। जब तक नए फल–पत्ते मिलकर, धकियाकर उन्हें बाहर नहीं कर देते, तब तक वे डटे रहते हैं। बसंत के आगमन के समय जब सारी वनस्थली पुष्प–पत्र से मर्मरित होती रहती है, शिरीष के पुराने फल बुरी तरह खड़खड़ाते रहते हैं।

22 सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्य प्रदेश भोपाल को हाईस्कूल परीक्षा की अंकसूची की द्वितीय प्रति मंगवाने हेतु एक प्रार्थना–पत्र लिखिए। 1+1+1+1=4

अथवा

अपने मित्र को वाद–विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई पत्र लिखिए।

23 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित निबंध लिखिए: 1+3=4

(i) वर्तमान युग एवं इण्टरनेट

(ii) स्वच्छता अभियान

(iii) भारतीय नारी : वर्तमान और भविष्य

(iv) भ्रष्टाचार : वर्तमान की ज्वलंत समस्या

(v) जल संरक्षण